रविन्द्रनाथ टैगोर के जन्मोत्सव पर कॉलेज में पौधारोपण

दिनांक 9 मई, 2023 को हिन्दू कन्या महाविद्यालय, जीन्द के ईको–क्लब द्वारा रविन्द्रनाथ टैगोर के जन्मोत्सव पर कॉलेज के प्रांगण में सजावटी फूलों का पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम की अगुवाई ईको–क्लब की संचालिका डॉ. सीमा दलाल द्वारा की गई। पौधारोपण के दौरान 50 से अधिक सजावटी फूल पौधों को लगाया गया। इस गतिविधि का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या डॉ. पूनम काजल ने अपने करकमलों द्वारा सजावटी पौधों को लगाकर किया व इनका महत्त्व बताते हुए कहा कि ये पौधे हमें बहुत अच्छी सजावट के साथ–साथ एक स्वस्थ पर्यावरण भी देते हैं। इनसे हमें सुखद सुगंध के साथ रंगीन संसेचन भी मिलती है। इन पौधों से घिरा होने के कारण लोगों के शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य में सुधार होता है। क्योंकि ये हमें ताजगी, शांति और विश्राम की भावना प्रदान करते हैं और इस प्रकार ये पौधे तनाव दूर करने में भी कारगर सिद्ध होते हैं। डॉ. सीमा दलाल ने बताया कि इन सजावटी पौधों को कॉलेज के प्रागण में लगाने का मुख्य उद्देष्य कॉलेज को सुन्दर बनाने के साथ–साथ वातावरण को शुद्ध करना है। वातावरण की शुद्धि कार्बन–हाइऑक्साइड की दर से की जाता है जो कि प्रकाश संष्लेशण प्रक्रिया के दौरान अवशेषित करने में सक्षम है। इस अवसर पर डॉ. पींकी, डॉ. नीलम, डॉ. सुषमा गर्ग, श्रीमती आरती, श्रीमती रंजना, श्रीमान जसबीर काजल, संजू एवं राकेश मौजूद थे।